भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1882
दिनांक 19 दिसंबर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

केंद्र सरकार के अस्पतालों में संकाय

1882. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों में केंद्र सरकार के अस्पतालों में, आरक्षित पदों (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग) सहित संकाय और गैर-संकाय पदों की स्वीकृत, पदस्थापित और रिक्तियों की श्रेणी-वार, समूह-वार, संस्थान-वार, और वर्ष-वार संख्या कितनी-कितनी रही है;

(ख) पिछले पांच वर्षों में केंद्र सरकार के अस्पतालों में आरक्षित पदों (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग) सहित चिकित्सकों, परिचारिकाओं और पैरामेडिकल कर्मचारियों की स्वीकृत, पदस्थापित और रिक्तियों की श्रेणी-वार, पद-वार, संस्थान-वार, और वर्ष-वार संख्या कितनी-कितनी रही है; और

(ग) पिछले पांच वर्षों में केंद्र सरकार के अस्पतालों में स्वीकृत बिस्तर और एमबीबीएस सीटों की संख्या का संस्थान-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) और (ख) केन्द्र सरकार के अस्पतालों अर्थात् सफदरजंग अस्पताल, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और संबद्ध अस्पतालों, नई दिल्ली में संस्वीकृत, पदस्थ और रिक्त पदों से संबंधित सूचना निम्नलिखित यू आर लिंक पर देखी जा सकती है:

https://main.mohfw.gov.in/sites/default/files/Annexure.pdf

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान इन अस्पतालों में संस्वीकृत बिस्तरों और एमबीबीएस सीटों की संख्या निम्नानुसार है

क्र. सं.	केंद्र सरकार के अस्पताल/संस्थान का नाम	वर्ष	बिस्तरों की संख्या	एमबीबीएस सीट की संख्या
1.	अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल	2019	1447	100
		2020	1532	100
		2021	1532	100
		2022	1532	100
		2023	1532	100
2.	सफदरजंग अस्पताल	2019	2873	170
		2020	2873	170
		2021	2873	170
		2022	2873	170
		2023	2873	170
3.	लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और संबद्ध अस्पताल	2019	1252	240
		2020	1252	240
		2021	1252	240
		2022	1969	240
		2023	1969	240

****